एक नजर में

वेटरनरी कॉलेज में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

महू. जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर वेटरनरी कॉलेज, एनडीवीएसयू महू की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा विभिन्न सार्थक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया. इनमें कॉलेज के लगभग 200 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. समापन समारोह में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद, मालवा प्रांत की दुर्गावाहिनी संयोजिका डॉ. माला ठाकुर एवं कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. बीपी शुक्ला ने अपने संबोधन में जनजातीय वीर नायकों के त्याग एवं महत्वपूर्ण योगदान का उल्लेख किया. उन्होंने एनडीवीएसयू के कुलगुरु प्रो.(डॉ.) मंदीप शर्मा के मार्गदर्शन और सहयोग की सराहना की. संचालन डॉ. योगिता पाण्डेय, डॉ. अशोक पाटिल एवं द्वितीय वर्ष के छात्र देवांश तिवारी ने किया. डॉ. संदीप नानावती, डॉ. अखिलेश पाण्डेय, डॉ. स्वेता राजोरिया, डॉ. स्वाति कोली तथा एनएसएस के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के स्वयंसेवकों का विशेष योगदान रहा. इस अवसर पर संपूर्ण कॉलेज स्टॉफ उपस्थित रहा.

जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई बिरसा मुंडा की जयंती

महू. भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई गई. ग्राम पातालपानी में यह समारोह प्रदेश के कैबिनेट मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य और पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक सुश्री उषा ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित किया गया. इस अवसर पर इंदौर कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ विशेष रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर विभिन्न विभागों की योजनाओं के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया तथा जनजातीय विभाग की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. सभी विभागों की प्रदर्शनी भी लगायी गई थी. इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश सिंग चौहान, जनपद पंचायत अध्यक्ष सरदार मालवीय, जनजाति कार्य विभाग के सहायक आयुक्त नरेंद्र सिंह भिड़े, परियोजना अधिकारी मोहन सोनी एवं अन्य गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि भी मौजूद थे.

मधुबनी में आयोजित सम्मान समारोह में दीपक आमंत्रित

इंदौर. बिहार के मधुबनी में सम्राट अशोक सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इंदौर के दीपक विभाकर नाईक रक्तदीप को आमंत्रित किया गया है. ऑन पेपर 144 बार पूर्ण रक्तदान, 7 बार प्लेटलेट्स डोनेशन करने और रक्तदान के क्षेत्र में विगत 35 वर्षों से की जा रही निःस्वार्थ सेवाओं के लिए उन्हें सम्मानित किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी दीपक नाईक को स्थानीय से लेकर राष्ट्रीय स्तर की संस्थाओं के द्वारा सम्मानित किया जा चुका है.

बावरा कराओके की छठी संगीतमय प्रस्तुति आज

इंदौर. दिल से दिल तक- सुनहरे गीतों का सफर शीर्षक से बावरा कराओके की छठी संगीतमय प्रस्तुति 16 नवंबर को शाम 5.30 से रात 11 बजे तक आयोजित होगी. आयोजक ओम प्रकाश भारती ने बताया कि कार्यक्रम श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति, आरएनटी मार्ग में होगा. कार्यक्रम का उद्देश्य उभरते हुए नए गायक कलाकारों को मंच प्रदान करना और उनके सुरमधुर गीतों को संगीत प्रेमियों तक पहुँचाना है.

साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल में पारंपरिक स्वाद

इंदौर. देश की फूड कैपिटल के नाम से पहचाने जाने वाला इंदौर, अपने विविध खानपान और अनोखे स्वादों के लिए हमेशा चर्चा में रहता है. इसी स्वाद-यात्रा को एक नया अनुभव देने के लिए शेरेटन ग्रैंड पैलेस लेकर आया है साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल, जो 14 से 23 नवंबर तक एस-कैफे में आयोजित किया जा रहा है. यह फूड फेस्टिवल हर शाम 7 से 11 बजे तक डिनर बफ़े के रूप में मेहमानों को दक्षिण भारत के असली और पारंपरिक स्वाद का आनंद दे रहा है. इस फूड फेस्टिवल में रेस्टोरेंट का पूरा स्टाफ दक्षिण भारत के पारंपरिक पहनावे में नज़र आ रहा है. शेरेटन ग्रैंड पैलेस इंदौर के एक्ज़िक्यूटिव शेफ करम डोगरा ने कहा इस फूड फेस्टिवल में दक्षिण भारत के पाँचों राज्यों, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तेलंगाना, के साथ-साथ लक्षद्वीप और पुडुचेरी की झलक भी देखने और चखने को मिल रही है. इंदौर के फूड लवर्स के लिए यह फूड फेस्टिवल हर दिन एक नया अनुभव लेकर आया है, जहाँ हर डिश सांस्कृतिक कहानी और परंपरा का स्वाद करवा रही है. हमारा प्रयास है कि इंदौर के लोग न सिर्फ स्वाद चखें, बल्कि दक्षिण भारत की समृद्ध पाक कला, परंपरा और विविधता को करीब से महसूस भी कर सकें. विशेष आयोजन के लिए पधारे गेस्ट शेफ लक्ष्मण ने बताया दक्षिण भारतीय भोजन अपने संतुलित मसालों, पोषक तत्वों, प्राकृतिक स्वाद और क्लासिक टेक्सचर के लिए जाना जाता है. फ्लफी इडली, कुरकुरे डोसे, चटपटा सांभर, स्वादिष्ट रसम, मुलायम उप्पमा, नारियल की चटनी, केरला स्टाइल करी, हैदराबादी, चेत्तीनाड, उडुपी और मलबार जैसे व्यंजनों के बिना भारतीय क्यूज़ीन अधूरा माना जाता है. यह भोजन न सिर्फ स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बेहद लाभकारी है. यह साउथ इंडियन फूड फेस्टिवल ऐसे ही यादगार स्वाद से भरपूर है.

मिलकर काम करेंगे तो इंदौर हमेशा रहेगा नंबर वन : महापौर

बाल दिवस पर गोटू की चाल में निगम ने किया आयोजन

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा बिल दिवस पर कल्पना की उड़ान कार्यक्रम रखा गया. कार्यक्रम में बच्चों के लिए मैजिक शो, गेम्स एक्टिविटी के साथ ही 3 आर केंद्र के माध्यम से आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया. साथ ही 19 नवंबर को वर्ल्ड टॉयलेट डे के तहत गेट टू गेदर, टॉयलेट हेतु तैयार मिस्टर हाइजीन मस्कट का महापौर एवं आयुक्त ने विमोचन किया.

नगर निगम द्वारा इंदौर स्मार्ट सिटी, यूनिसेफ एवं नेचुरल नेबरहुड 2.0 के संयुक्त तत्वाधान में गोटू की चाल मालवा मिल में कल्पना की उड़ान कार्यक्रम किया गया. कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त दिलीप कुमार यादव की उपस्थिति में बच्चों ने विभिन्न तरह के खेलों भाग लिया. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने उपस्थित बच्चों को कछुए और खरगोश की कहानी सुनाई. उन्होंने बताया कि किस प्रकार से खरगोश आलसी होकर रेस के दौरान आराम करता है और कछुआ लगातार अपना काम धीरे-धीरे करके जीत जाता है. महापौर ने बच्चों से कभी भी अति आत्मविश्वास नहीं होना चाहिए. अगर अपने लक्ष्य के लिए धीरे-धीरे रोज काम किया जाए तो हम लक्ष्य हासिल कर सकते हैं. हम सब मिलकर काम करें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं, इसलिए सब मिलकर अच्छा काम करेंगे और हम सब हमेशा जीते रहेंगे. जैसे हम सब मिलकर काम करते हैं और इंदौर स्वच्छता में हमेशा नंबर वन बन रहा है.

19 नवंबर वर्ल्ड टॉयलेट डे पर गेट टू गेदर : आयुक्त

आयुक्त दिलीप कुमार यादव ने कहा 19 नवंबर को वर्ल्ड टॉयलेट डे के तहत गेट टू गेदर टॉयलेट अभियान में शहर के प्रत्येक घर एवं स्कूलों द्वारा भी वर्ल्ड टॉयलेट डे मनाया जाएगा। सभी इस अभियान में सम्मिलित होंगे. इस अवसर पर स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, सामान्य प्रशासन प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया बड़ी संख्या में बच्चे उपस्थित थे.

ई-रिक्शा की टक्कर से बस कंडक्टर की मौत

इंदौर. छोटी ग्वालटोली क्षेत्र में पटेल ब्रिज के नीचे एक ई-रिक्शा की टक्कर से बस कंडक्टर की मौत हो गई. हादसा इतनी तेज रफ्तार में हुआ कि युवक सिर के बल सड़क पर गिर पड़ा और अधिक खून बहने के कारण उसकी जान चली गई.

28 वर्षीय रजत लाल इंदौर-खंडवा रूट पर चलने वाली बस में कंडक्टर था. वह छोटी ग्वालटोली स्थित पटेल ब्रिज के नीचे सवारियां बैठा रहा था. इसी दौरान तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर लगते ही रजत सड़क पर गिर पड़ा और सिर में गहरी चोट आने से मौके पर ही उसकी स्थिति गंभीर हो गई. रजत को तुरंत बड़े अस्पताल ले जाया गया, लेकिन अत्यधिक खून बह जाने के कारण डॉक्टर उसे बचा नहीं सके. पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच में ई-रिक्शा चालक की लापरवाही सामने आई है. ई-रिक्शा की हल्की बॉडी और अस्थिर संतुलन को लेकर पहले भी कई शिकायतें मिल चुकी हैं. मामले में पुलिस ने प्रकरम दर्ज कर लिया है और ई-रिक्शा चालक की जिम्मेदारी तय करने के लिए जांच शुरू कर दी है.

मोबाइल चार्ज करते समय करंट से मासूम की मौत

हीरानगर थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम भांगिया में शनिवार को मोबाइल चार्ज करते समय करंट लगने से सात वर्षीय बच्ची की मौत हो गई. मृतका का नाम गंगा है, बालिका के परिजन पास ही के एक ईंट भट्टे में काम करते हैं, और वहीं टापरी बनाकर रह रहे हैं. गंगा मोबाइल चार्ज करने के लिए होल्डर में प्लग लगा रही थी. प्रारंभिक जांच में पता चला कि चार्जिंग तार में कट लगा था. बच्ची ने प्लग लगाया, करंट की चपेट में आ गई. परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. हीरानगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है, थाना प्रभारी का कहना है कि हादसा पूरी तरह लापरवाही का है.

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम

इंदौर. सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा धार जिले में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि उपकरण ऋण, डेयरी एवं पशुपालन ऋण तथा अन्य सरकार समर्थित वित्तीय योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना था.

कार्यक्रम में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख आर.के. सिंह, उपक्षेत्रीय प्रमुख प्रबोध जैन, धार के शाखा प्रमुख विक्रम सक्सेना एवं मुख्य अतिथि के रूप में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक सौदामिनी मेनकर, जीएस मोहनिया डीडीएम कृषि विभाग, अभिषेक अग्रवाल कृषि अभियांत्रिकी विभाग एवं प्रमोद दौसाने एनआरएलएम डीपीएम उपस्थित रहे. आरके सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया किसानों को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है. कृषि कार्य हेतु बैंक की ऋण सुविधायें आकर्षक ब्याज दर एवं न्यूनतम प्रभार के साथ सभी किसानों के लिये उपलब्ध है. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में किसानों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए.

निमोनिया से बाल मृत्यु रोकने के लिए अभियान शुरू

नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह की भी शुरूआत

नव भारत न्यूज

इंदौर. जिले में निमोनिया नियंत्रण के लिए सामाजिक जागरूकता और कार्रवाई अभियान के साथ ही नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत हो गई है. पांच वर्ष तक के बच्चों को निमोनिया से बचाने और नवजातों की सुरक्षा को लेकर चलाया जा रहा यह अभियान स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता में है.

हर वर्ष की तरह इस बार भी यह अभियान चलाया जा रहा है. अभियान का उद्देश्य पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया से होने वाली मौतों में कमी लाना है. इसी के साथ 21 नवंबर तक नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसकी थीम नवजात सुरक्षा-हर स्पर्श, हर बार, हर शिशु के लिए रखी गई है. सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि कमजोर प्रतिरक्षा वाले बच्चों को संक्रमण जल्दी जकड़ लेता है और ग्रामीण क्षेत्रों में देर से उपचार मिलना, घरों में धुआं, भीड़भाड़, अस्वच्छता और अस्पताल तक समय पर न पहुंच पाना हालात को गंभीर बना देता है. आंकड़ों के अनुसार निमोनिया, पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु का करीब 16.3 प्रतिशत कारण है. अभियान के तहत स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, मानकीकृत उपचार पद्धति लागू की जा रही है और नवंबर से फरवरी तक व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा. बचाव के लिए पीसीवी टीका सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर उपलब्ध है.

निमोनिया के लक्षण दिखने पर तुरंत कराएं उपचार : सीएमएचओ

जिले में अभियान की शुरूआत नगर परिषद राऊ की अध्यक्ष पप्पी पाटीदार के मुख्य आतिथ्य में हुई. उन्होंने कहा कि बच्चे भविष्य की आधारशिला हैं और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है. सीएमएचओ डॉ. प्रसाद हासानी ने बताया कि तेज सांस चलना, सीने का धंसना, लगातार बुखार, खांसी, घरघराहट, भूख कम लगना, दूध न पीना, थकान, सुस्ती और होंठ या नाखूनों का नीला पड़ना निमोनिया के प्रमुख लक्षण हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे लक्षण दिखें तो तुरंत उपचार कराया जाए. जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता ने बताया कि नवजात शिशु सुरक्षा सप्ताह का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि हर स्तर पर स्वास्थ्यकर्मी, माता-पिता और स्वास्थ्य संस्थाएं नवजात के हर स्पर्श, हर प्रक्रिया में पूर्ण सुरक्षा बरतें. कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आशा कार्यकर्ता और समुदाय के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

दो मुमुक्षु की सन्यास यात्रा के लिए एकसाथ निकला वरघोड़ा

- श्वेताम्बर जैन समाज में बना नया कीर्तिमान
- 59 वर्षीय सुरेश बने मुनि सोहमरत्न सागर, आज एक और दीक्षा होगी

इंदौर. शहर के श्वेताम्बर जैन समाज के नाम आज एक और कीर्तिमान जुड़ गया जब वीआईपी रोड स्थित नवरत्न वाटिका, दलाल बाग पर जैन समाज के एक 59 वर्षीय समाजबंधु और 21 वर्षीय युवा का वर्षी दान का वरघोडा कालानी नगर उपाश्रय ने निकलकर पहुंचा, जहाँ धार जिले के रिंगनोद के सुरेश कोठारी अपने संसारी जीवन को त्यागकर ताप और वैराग्य के मार्ग पर चलते हुए साधु बन गए, जबकि दूसरे युवा भानपुरा के कुणाल कमठोरा की दीक्षा विधि रविवार को संपन्न होगी.

चातुर्मास की समापन बेला में शहर में विराजित जैनाचार्य युवा हृदय सम्राट विश्वरत्न सागर एवं आचार्य मृदुरत्न सागर सहित करीब 60 साधु-साध्वी-भगवंतों की निश्रा में सुरेश कोठारी को मुनि सोहम रत्न सागर का नया नाम मिला है. करीब 5 घंटे चली दीक्षा विधि के दौरान हुई शास्त्रोक्त प्रक्रिया के साक्षी हजारों समाजबंधु बने. इस दौरान बार-बार नवरत्न वाटिका जिन शासन, महावीर स्वामी एवं शांतिनाथ भगवान के जयघोष से गूंजती रही. अक्षत वर्षा के बीच सुरेश कोठारी ने नाचते-गाते हुए जैन साधु के परिवेश में सबका अभिवादन किया। रविवार को यहाँ मुनि उदयरत्न सागर को गणि पद प्रदान महोत्सव भी मनाया जाएगा. अर्बुद गिरिराज जैन श्वेताम्बर तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट, पीपली बाजार, समग्र जैन श्वेतांबर श्री संघ एवं जैन श्वेताम्बर मालवा महासंघ के तत्वावधान में यह पहला अवसर था जब एकसाथ दो मुमुक्षुओं का वर्षीदान वरघोडा बैंड-बाजों सहित निकला. दोनों मुमुक्षु बग्घी में सवार होकर अपने संसारी जीवन में काम आने वाली वस्तुओं को लुटाते हुए चले. जुलूस में जैनाचार्य द्वय के अलावा साधु-साध्वी-भगवंतों का समूह भी शामिल था. नाचते-गाते और भजनों पर झूमते हुए 2 हजार से अधिक समाजबंधु इस जुलूस में शामिल होकर दलाल बाग पहुंचे.

सोहमरत्न सागर नाम दिया

मुमुक्षु सुरेश कोठारी सूट-बूट में सज-धजकर रैम्प पर चलते हुए आचार्यश्री तक पहुंचे और सबको प्रणाम किया. चैत्य वन्दन नंदी सूत्र के वाचन एवं सकलश्री की अनुमति के बाद रिश्तेदारों ने अंतिम विजय तिलक लगाकर उन्हें अपना संसारी वेश बदलने के लिए अलग कक्ष में ली जाने की सहमति प्रदान की. जब सभागृह में ढोल-धमाकों सहित पहुंचे तो उनका मुंडन हो चुका था और पुराने सूट-बूट की जगह साधु का वेश धारण किए हुए थे. विभिन्न शास्त्रोक्त प्रक्रियाओं के बाद आचार्य श्री ने उन्हें मुनि सोहमरत्न सागर नाम दिया. वे आचार्य विश्वरत्न सागर के 14 वे शिष्य होंगे।

बास्केटबाल स्टेडियम में दीक्षा महोत्सव 19 से

इंदौर. श्वेताम्बर जैन समाज के इतिहास में 23 नवंबर को रेसकोर्स रोड स्थित बास्केटबाल स्टेडियम पर एक और स्वर्णिम पृष्ठ जुड़ने जा रहा है जब हैदराबाद के एक समृद्ध परिवार के 27 वर्षीय उच्च शिक्षित युवा एवं पांच बहनों के इकलौते भाई कौशिक कुमार खांटेड अपना वैभवशाली जीवन छोड़कर संयम और साधना के मार्ग पर चल पड़ेंगे.

इसके लिए 19 नवंबर से 5 दिवसीय महोत्सव का आयोजन होगा. महोत्सव में आचार्य विजय पद्मभूषणरत्न सूरीश्वर, आचार्य विजय जिनसुंदर सूरीश्वर एवं आचार्य विजय धर्मबोधि सूरीश्वर सहित अनेक तपोनिष्ठ साधु-साध्वी-भगवंतों के इंदौर आगमन का सिलसिला शुरू हो गया है.

पांच दिवसीय दीक्षा महोत्सव की जानकारी देते हुए युगप्रधान परिवार की ओर से विनोद जैन, रितेश जारोली और सोमिल कोठारी ने बताया कि शहर के श्वेताम्बर जैन समाज के सभी प्रमुख वरिष्ठजनों की महती बैठक तिलकेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर उपाश्रय पर संपन्न हुई जिसमें दीक्षा महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया.

बैठक में यशवंत जैन, प्रकाश भटेवरा, देवेन्द्र झवेरी, विपिन सोनी, डॉ. हसमुख गाँधी, विजय ओसवाल एवं मनीष शाह सहित विभिन्न संगठनों, महिला मंडलों एवं युवा मंडलों के पदाधिकारी उपस्थित थे, जिन्होंने धर्म नगरी इंदौर की धन्यधरा पर हो रहे इस महोत्सव को समाज एवं शहर की परंपरा के अनुरूप गरिमापूर्ण एवं सार्थक बनाने का संकल्प व्यक्त किया. बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार समर्पण ग्रुप, युगप्रधान परिवार के तत्वावधान में आयोजित हो रहे इस दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ बुधवार 19 नवंबर को सुबह 7.30 बजे कंचन बाग स्थित बीसीएम प्राइड से रेसकोर्स रोड श्रीसंघ तक प्रवेश सामैया के साथ होगा.

हैदराबाद से संपन्न परिवार के उच्च शिक्षित युवा ने चुनी वैराग्य की राह

कन्नौद में अनशनरत कई किसानों की तबीयत बिगड़ी

एक अनशनकारी गंभीर हालत में इंदौर में भर्ती

इंदौर-बुधनी रेल लाइन से प्रभावित किसान कर रहे आंदोलन

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसानों का दो माह से कन्नौद में अनशन चल रहा है. इसमें अब कई किसानों का स्वास्थ्य बिगड़ने लगा है. एक अनशनकारी किसान को गंभीर हालत में इंदौर के जुपिटर अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका इलाज किया जा रहा है. शनिवार को बागली क्षेत्र के किसानों ने अस्पताल पहुंचकर उनका मनोबल बढ़ाया.

रेल परियोजना से प्रभावित किसानों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है. आमरण अनशन पर बैठे किसानों में से कई की तबीयत बिगड़ने लगी है. एक किसान को गंभीर हालत होने पर इंदौर के जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. अनशन के दौरान स्वास्थ्य लगातार गिरने के बावजूद अब तक किसानों की मांगों पर कोई समाधान नहीं निकलना किसानों में आक्रोश और चिंता दोनों बढ़ा रहा है. प्रभावित किसानों को समर्थन देने के लिए बागली विधानसभा क्षेत्र के रेलवे पीड़ित किसान अस्पताल पहुंचे.

किसान नेता हेमराज पाटीदार और धर्मेंद्र सिंह दरबार के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधियों ने अनशनरत किसानों को भरोसा दिलाया कि पूरा क्षेत्र उनके संघर्ष के साथ खड़ा है.

सरकार का उदासीन रवैया मामले को और गंभीर बना रहा

किसान नेता हंसराज मंडलोई ने नव भारत को बताया कि इंदौर-बुधनी रेलवे लाइन से प्रभावित किसान रवि मीणा, संतोष छानवाल और मुंशी खां पठान लगातार 60 दिनों से अनशन पर हैं. हालत बिगड़ने पर एक किसान को इंदौर लाकर भर्ती करना पड़ा, लेकिन प्रदेश सरकार ने अब तक उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया है. मंडलोई ने कहा कि किसानों को केवल उनका हक चाहिए, लेकिन सरकार का उदासीन रवैया मामले को और गंभीर बना रहा है. अस्पताल में मौजूद साथियों का समर्थन पाकर रवि मीणा भावुक हो उठे. उन्होंने कहा कि साथियों का स्नेह ही उनकी ताकत है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि उनकी लड़ाई तब तक जारी रहेगी, जब तक सरकार मांगें स्वीकार नहीं करती. मुलाकात के दौरान किसान रामलाल जाट, खंडेल वाले पंडितजी, दरबार सहित कई ग्रामीण मौजूद थे.

इधर, जमीन अधिग्रहण के सर्वे के दौरान किसान को हार्ट अटैक

इधर, आउटर ईस्टर्न रिंग रोड के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर भी किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है. रोड के सर्वे के दौरान देवास के एक किसान को हार्ट अटैक आ गया. दोनों घटनाओं ने प्रभावित किसानों में चिंता और विरोध को और तेज कर दिया है. आउटर ईस्टर्न रिंग रोड के लिए किए जा रहे सर्वे में भी तनाव की स्थिति बन गई. देवास जिले के नागोरा गांव के किसान माखनलाल पटेल को सर्वे टीम के खेत में पहुंचते ही अचानक दिल का दौरा पड़ गया. परिजन उन्हें तुरंत इंदौर के मेदांता अस्पताल लाए, जहां डॉक्टरों ने दो स्टेंट डालकर उनकी जान बचाई. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अधिग्रहण प्रक्रिया किसानों की सहमति के बिना आगे बढ़ाई जा रही है, जिससे ग्रामीण मानसिक तनाव में हैं. उन्होंने प्रभावित परिवार को 50 लाख रुपए की मदद देने और रिंग रोड योजना रद्द करने की मांग उठाई. वहीं माखनलाल के बेटे राहुल ने बताया कि दस सदस्यों का परिवार केवल थोड़ी-सी जमीन पर निर्भर है, ऐसे में खेत जाना उनके लिए जीवनयापन का एकमात्र साधन है. ग्रामीणों का कहना है कि अगर अधिग्रहण रोका नहीं गया तो विरोध और तेज किया जाएगा.

एक नजर में

मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर का प्रतिष्ठा महोत्सव, चांदी के रथ को हाथों से खींच रहे समाजजन

त्रिशुलानंदन वीर की जय बोलो महावीर की... के गूंजे जयघोष

इंदौर. पूर्वी क्षेत्र में शनिवार सुबह श्वेतांबर जैन समाज जनों का बड़ा जमावड़ा वरघोड़ा में देखा गया, भगवान पार्श्वनाथ की दिव्य प्रतिमा को सुसज्जित चांदी के रथ में विराजित कर समाजजनों ने अपने हाथों से इसे खींचा. जय जय भगवान पार्श्वनाथ, त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की... गुरु हमारो अंतनाथ, हमें आपो आशीर्वाद... आदि जय घोष से पूरा क्षेत्र गूंज मान रहा.

भगवान मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर प्रतिष्ठा महोत्सव के अध्यक्ष जय सिंह जैन सचिव शैलेश अम्बोर ने बताया कि 12 नवंबर से प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई. चौथे दिन शनिवार को देशभर के श्वेतांबर जिस समाज जनों का आने का सिलसिला लगातार जारी रहा. सुबह 6 निर्मित मंदिर के सम्मुख मंगल गान और दोपहर में सांझी मेहंदी में मुख्य रूप से अंजू जैन, प्रियंका जैन ,शीतल अम्बोर, टीना जैन, स्मिता जैन रेखा जैन आदि की सहभागिता रही. इसके बाद अनुष्ठान का दौर चला. सुबह 9 बजे रेस कोर्स रोड उपाश्रय से यशवंत निवास रोड होते हुए वरघोड़ा (जुलूस) की शुरुआत हुई, जिसमें हाथी, इंदौर ,उज्जैन, राजस्थान, पंजाब, महाराष्ट्र एवं वनवासी बैंड के कलाकार प्रस्तुतियां दे रहे थे.

शहर की अलग-अलग 40 श्वेतांबर जैन समाज के महिला मंडल समूह भी अपनी अलग-अलग ड्रेस और सज्जा के साथ इस जुलूस की शोभा बढ़ा रहे थे. चांदी के रथ में भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा को विराजित कर समाजजन रथ को अपने हाथ से खींच रहे थे और जय जयकार का जय घोष कर रहे थेय यह भव्य जुलूस यशवंत निवास रोड, लैंटर्न चौराहा , रेस कोर्स रोड होते हुए जंजीर वाला चौराहा, सुराणा कॉर्नर, जीवराज सिंघी मार्ग होते हुए 12.30 बजे पुनः मंदिर परिसर के समीप पहुंचा. इसमें मुख्य रूप से प्रकाश लुणावत, शरद कोठारी, सुनील जैन, प्रकाश भटेवरा आदि शामिल हुए. आयोजन में अतिथि पूर्व राज्यसभा सदस्य विनय सहस्त्रबुद्धे, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ,सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला आदि भी प्रमुख रूप से विभिन्न आयोजनों का लाभ लेकर सहभागिता प्रदान कर रहे हैं. शनिवार शाम को मंदिर में दीपोत्सव की मनमोहक रोशनी से जागमग हो रहा था.

आज मुख्य प्रतिष्ठा, सुबह 4 घंटे अनुष्ठान

भगवान मनमोहन पार्श्वनाथ मंदिर के 6 दिवस की प्रतिष्ठा महोत्सव में रविवार को मुख्य प्रतिष्ठा के अनुष्ठान होंगे भगवान पार्श्वनाथ सहित सभी पांच प्रतिमाओं को वेदी स्थापना परम पूज्य आचार्यदेव श्रीमद विजय जयानंद सूरीजी, दिव्यानंद सूरीजी एवं श्री संघ द्वारा कराई जाएग., 4 घंटे रविवार को प्रतिष्ठा महोत्सव का मुख्य आयोजन आचार्य श्री के सानिध्य में रहेगा। सुबह 9बजे शुरू होने वाला आयोजन में विशेष स्रोत बोले जाएंगे.